
Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## *3.3.1 - Extension activities are carried out in the neighborhood community, sensitizing students to social issues, for their holistic development, and impact thereof during the year*





Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)






Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# प्रेरणा दिवस पर 53 लोगों ने किया रक्तदान

भास्कर न्यूज़| चरखी दादरी



दादरी। मुख्यातिथि एसपी दीपक गहलावत को सम्मानित करते एचडीएफसी बैंक मैनेजर विकास कुमार व ऑपरेशन हैड धर्मेंद्र शर्मा।



दादरी। छात्रा को बैज लगाते चेयरमैन बख्शी सैनी।

दैनिक भास्कर समूह के संस्थापक स्वर्गीय रमेश चंद्र अग्रवाल के 78वें जन्मदिन को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में बुधवार को शहर के जनता पीजी कॉलेज में दैनिक भास्कर व एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेड क्रॉस इकाई का सहयोग रहा। शिविर में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक दीपक गहलावत ने शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रमाण पत्र देते हुए हौसला अफजाई की। आयोजन में विशिष्ट अतिथि नगर परिषद चेयरमैन बख्शी सैनी व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय गुप्ता पहुंचे। शिविर की अध्यक्षता माडल दादरी जिला बनाओ संगठन के युवा अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू द्वारा की गई। शिविर में रक्तदाताओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। जिसकी बदौलत शिविर में 71 रजिस्ट्रेशन हुए और बाढसा एम्स से आई चिकित्सकों की टीम ने जरूरत के आधार पर 53 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। शिविर में युवाओं सहित जनता पीजी कॉलेज की छात्राओं व शिक्षिकाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। शिविर में महिला रक्तदाताओं की विशेष भूमिका दिखाई दी। जिसमें दर्जनों की संख्या में रक्त देने महिला डोनर भी आगे आई व सबसे महान दान रक्तदान में अपना सहयोग किया। उन्होंने पहले अपना हिमोग्लोबिन जांच करवाया। जिसके बाद रक्तदान किया। शिविर में महाविद्यालय की शिक्षिका हेमलता शर्मा, डा. मीनाक्षी, प्रो. सोनू, सीमा रानी, डा. पूजा सहित छात्रा सपना, स्वाती, दीप्ति इत्यादि ने रक्तदान किया। शिविर में सहयोगी बैंक एचडीएफसी के शाखा प्रबंधक विकास कुमार, ऑपरेशन हेड धर्मेंद्र शर्मा, ऑपरेशन कर्मचारी मनोज कुमार भी पहुंचे। जिन्होंने रक्तदाताओं को बैज व प्रमाण पत्र देकर रक्तदाताओं का मान-सम्मान किया। इसके अलावा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से अमित सोनी व उसकी टीम तथा आईडीबीआई बैंक कर्मचारी मोहित व धर्मेंद्र ने भी रक्तदान कर सहयोग किया। शिविर में जनता महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व यूथ रेडक्रॉस इकाई का विशेष सहयोग रहा। इस दोरान कॉलेज प्राचार्य डॉ.यशवीर सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा.सुरेंद्र सिंह, डा.रोशन लाल, प्राफेसर प्रीति गुप्ता, प्रो.गरिमा श्योराण, रमेश फौगाट, अधिवक्त राजेश गोदारा, अध्यापक दिनेश अग्रवाल, लोकेश गुप्ता, प्रवीण इंदौरा, हरिओम मोठसरा, संवयसेविका अंकिता, मिताली, निकिता, कोमल, शीतल, टीना, विभा यादव, खुशी शर्मा, अजय का भी सहयोग रहा।

# शिविर में आगे बढ़कर 12 छात्राओं ने भी किया रक्तदान



जनता कॉलेज में रक्तदाता का मनोबल बढ़ाते हुए प्राचार्य व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**चरखी दादरी।** जनता महाविद्यालय में भूतपूर्व सांसद एवं स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामकृष्ण गुप्ता की स्मृति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और दादरी मॉडल जिला बनाओ के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 12 छात्राओं ने भी रक्तदान किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल व सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में कुल 45 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। बालानाथ योग आश्रम आदमपुर दाढ़ी के संचालक आचार्य देवी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह व अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने की।

इस दौरान प्रोफेसर जसवीर सिंह, सचिन कुमार, विकास कुमार, युधिष्ठिर ने भी रक्तदान किया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर नीरज गर्ग, राम प्रताप गुप्ता, प्रोफेसर बबीता शर्मा, प्रोफेसर पूनम रानी, प्रोफेसर हेमलता शर्मा, प्रोफेसर संगीता रानी, मधुसूदन, जयवीर सिंह, जय सिंह ,अजय वशिष्ट व स्वयंसेवक हिमांशु, राहुल, रविकांत, रितिक, शिवम यादवेंद्र, साहिल, मनोज कुमार आदि की विशेष भूमिका रही।

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व सांसद रामकृष्ण गुप्ता की स्मृति में लगाया शिविर, 45 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी शहर के जनता पीजी कालेज के चिकित्सक बाबूलाल अग्रवाल एकेडमिक ब्लाक में स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व सांसद रामकृष्ण गुप्ता की स्मृति में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और दादरी माडल जिला बनाओ संगठन के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशनलाल एवं सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में कुल 45 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।

इस अवसर पर श्री बालानाथ योगाश्रम आदमपुर डाढी के संचालक आचार्य देवी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. यशवीर सिंह एवं अधिवक्ता अनिल कुमार साहू ने की। आचार्य देवी सिंह में स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक को प्रत्येक तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। महाविद्यालय प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि रक्त किसी मशीन द्वारा उत्पन्न नहीं होता। एक व्यक्ति का रक्त ही दूसरे व्यक्ति को चढ़ाया जा सकता है।

इस मौके पर अनिल साहू, प्रो. गरिमा श्योराण के नेतृत्व में छात्राओं ने भी रक्तदान में भाग लिया।



जनता कालेज मे रक्तदाताओं को बैज लगाते आचार्य देवी सिंह। • विज्ञप्ति।

लगभग 12 छात्राओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर प्रो. जसवीर सिंह, सचिन कुमार, विकास कुमार, युधिष्ठिर, डा. नीरज गर्ग, रामप्रताप गुप्ता, प्रो. बबीता शर्मा, प्रो. पूनम रानी, प्रो. हेमलता शर्मा, प्रो. संगीता रानी, मधुसूदन, जयवीर सिंह, अजय वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण
23/11/22

## जनता कॉलेज में संप्रेषण कौशल कार्यशाला का हुआ आयोजन



दादरी। जनता कॉलेज में हुआ कार्यक्रम।

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

जनता महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एक दिवसीय संप्रेषण कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की संयोजिका प्रोफेसर गरिमा श्योराण ने बताया कि डॉक्टर संदीप कादियान सहायक प्रवक्ता केदारनाथ अग्रवाल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित हुए। डॉ संदीप कादयान ने शिक्षक और छात्रों के बीच प्रभावशाली शिक्षण संप्रेषण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हार्ड स्किल और सॉफ्ट स्किल के बीच अंतर बताते हुए कहा कि सॉफ्ट स्किल शिक्षण कार्य में अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दूसरे चरण में उन्होंने तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि किस तरह से शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों में बढ़ रहे तनाव को कम किया जा सकता है।

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

# JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## यातायात नियमों का पालन करने की ली शपथ



जनता कालेज में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी के जनता पीजी कालेज में शुक्रवार को रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 17 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक डा. रोशन लाल की उपस्थिति में साइबर सैल इंचार्ज ओमप्रकाश ने बतौर मुख्य वक्ता सभी विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई। उन्होंने संकल्प दिलाया कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित नियमों का पालन करेंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर नहीं बात करेंगे और ना ही संदेश प्रेषित करेंगे। इस अवसर पर एसएचओ ट्रैफिक ओमप्रकाश ने कहा कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति को ध्यान में रखना चाहिए और दुपहिया वाहन पर हेलमेट लगाना सुनिश्चित करना चाहिए। गाड़ी ड्राइव करते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। घर से निकलते समय गाड़ी में हवा और पानी देखना सुनिश्चित करें ताकि रास्ते में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। उन्होंने बताया कि सड़कों पर बहुत सारी दुर्घटनाएं जल्दबाजी के कारण होती हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि सभी विद्यार्थी यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जिनकी भी उम्र 18 वर्ष से अधिक है, वे सभी अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह, प्रोफेसर गरिमा श्योराण, प्रोफेसर हेमलता बंसल ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में यादवेंद्र, अंतिम, रवि, संकित, मनीष, अंकित, मनोज, टीना, विभा, अनामिका, लीना, पवन, अभिमन्यु, कोमल, रजनी का विशेष सहयोग रहा।

## जनता पीजी कालेज में प्रतियोगिताओं के जरिये दी राष्ट्रीय मानव अधिकार के महत्व की जानकारी



चरखी दादरी : जनता कालेज में आयोजित प्रतियोगिता की [illegible]

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों व [illegible] प्रकोष्ठ तथा राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशनलाल एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के समन्वयक डा. सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से भाषण, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रही। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि मानव अधिकार जीवन की आवश्यकताएं हैं। जिनके बिना व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी का यह नैतिक तथा वैधानिक कर्तव्य बनता है कि वे समाज में नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का [illegible] करने के लिए अपना योगदान दें। दादरी लीगल सर्विस अथॉरिटी से प्रमुख अतिथि की निर्णायक भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को कानूनी पहलुओं के बारे में बारीकी से जानने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डा. सुरेश कुमार ने अपने मानव अधिकार की वर्तमान परिवेश में प्रासंगिकता पर बोलते हुए नागरिक जीवन अधिकारों को जीवन महती आवश्यकता बताया। भाषण प्रतियोगिता का विषय वर्तमान परिवेश में मानव अधिकारों की प्रासंगिकता रखा गया [illegible] कुमार ने प्रथम, [illegible] कुमारी ने द्वितीय स्थान, और राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग में [illegible] ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समन्वयक सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों तथा आगंतुकों का स्वागत किया।

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# जनता पीजी कालेज में प्रतियोगिताओं के जरिये दी राष्ट्रीय मानव अधिकार के महत्त्व की जानकारी

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों व साक्षरता प्रकोष्ठ तथा राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशनलाल एवं कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के समन्वयक डा. सुरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस अवसर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें मुख्य रूप से भाषण, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रही। प्राचार्य डा. यशवीर सिंह ने कहा कि मानव अधिकार जीवन की आवश्यकताएं हैं। जिनके बिना व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी का यह नैतिक तथा वैधानिक कर्तव्य बनता है कि वे समाज में नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का विकास करने के लिए अपना योगदान दें। दादरी लीगल सर्विस अथारिटी से प्रमुख अतिथि की निर्णायक भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को कानूनी पहलुओं के बारे में बारीकी से जानने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर डा. सुरेश कुमार ने अपने मानव अधिकार की वर्तमान परिवेश में प्रासंगिकता पर बोलते हुए नागरिक जीवन अधिकारों को जीवन महती आवश्यकता बताया। भाषण प्रतियोगिता का विषय वर्तमान परिवेश में मानव अधिकारों की प्रासंगिकता रखा गया जिसमें पवन कुमार ने प्रथम, नीरज कुमारी ने द्वितीय स्थान, और राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग तथा पेंटिंग में हीना, निकिता, मौसम ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समन्वयक सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों तथा आगंतुकों का स्वागत किया।



चरखी दादरी : जनता कालेज में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं स्टाफ के साथ।

# जनता पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित करते जनता पीजी कालेज के विद्यार्थी। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, चरखी दादरी : दादरी नगर के जनता पीजी कालेज में क्षेत्रीय कार्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना न्यू दिल्ली और हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्वच्छता अभियान 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान एवं रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. रोशनलाल एवं प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में स्वच्छता कार्यक्रम एवं रैली को कार्यवाहक प्राचार्य डा. एमके जैन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी रोशन लाल, प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह एवं प्रोफेसर गरिमा [illegible] के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने कालेज से लेकर नगर परिषद तक 100 टन कूड़ा कचरा इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया। इस अवसर पर डा. एमके जैन ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी अहम रहती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करें। इस मौके पर स्वयंसेवक अंकुर, हिमांशु, मनोज, राहुल, रवि, मोहित, साहिल, पुनीत, [illegible], सलोनी, तनु, लक्ष्मी, [illegible], अनामिका, रितु इत्यादि भी उपस्थित रहे।

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

## जनता कालेज के छात्रों ने चलाई पौधारोपण मुहिम



जनता कालेज में पौधारोपण करते गार्डेनिंग क्लब के विद्यार्थी। • विज्ञप्ति।

**चरखी दादरी :** दादरी शहर के जनता पीजी कालेज के कला व विज्ञान संकाय पढ़ने वाले गार्डेनिंग क्लब के विद्यार्थियों ने शनिवार को पौधारोपण किया। इसमें कालेज में ग्रीन कैंपस विकसित करने का प्रयास किया गया। जिसमें एक साथ कई विद्यार्थियों ने भाग लिया। कालेज के उप प्राचार्य एमके जैन ने बताया कि इस प्रयास को सफल बनाने के लिए छात्र, छात्राएं जुटे हैं। शनिवार को कालेज परिसर में कई नए पौधों को खाद पानी देकर उनको विकसित करने का कार्य किया। डा. सुशीला सैनी, डा. पूनम, सहायक प्रो. निशा, प्रवीन कुमार, माली गुलाब सिंह इत्यादि भी उपस्थित रहे। (जासं)

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# बाल अपराध रोकने को आगे आएं युवा

- पॉक्सो एक्ट को लेकर जनता कॉलेज में सेमीनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



चरखीदादरी। पोस्को एक्ट सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी।

केंद्र सरकार ने बाल अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पॉक्सो एक्ट बनाया है, जिसमें अपराधी को आजीवन कारावास से फांसी तक सजा दिए जाने का प्रावधान है। अधिनियम का कड़ाई से तभी पालन होगा, जब आमजन बाल अपराध के प्रति जागरूक होगा। जनता कॉलेज में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पॉक्सो एक्ट को लेकर करवाए गए सेमीनार में एडीए अमित सिवाच ने ये बात कही। एडीए सिवाच ने कहा कि किशोर अवस्था बड़ी नाजुक होती है और 15 से 25 वर्ष तक युवक नासमझी में अपराध कर बैठता है। एक बार हाथ से जुर्म हो जाए तो जीवन खुद के लिए और परिजनों के लिए बड़ा मुश्किल हो जाता है। इसलिए युवाओं को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए और परिवार व समाज में सभी बड़े-छोटों का सम्मान करना चाहिए। किसी के प्रति कुत्सित भावना मन में न लाएं और न ही किसी अपराधी का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जन्म नवनिर्माण के लिए होता है, विनाश के लिए नहीं। फूलकुमार एडवोकेट ने पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के बारे में विद्यार्थियों को बताया।

# शिविर में 43 युवाओं ने किया रक्तदान

## रामकिशान गुप्ता की स्मृति में जनता कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

संवाद न्यूज एजेंसी



जनता कॉलेज में आयोजित शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते एडीसी व कॉलेज प्राचार्य।

चरखी दादरी। मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन की ओर से पीएनबी स्थापना दिवस पर जनता पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में 43 युवाओं ने रक्तदान किया।

शिविर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर व स्वतंत्रता सेनानी एवं दादरी एजुकेशन सोसायटी संस्थापक रामकृष्ण गुप्ता की स्मृति में लगाया गया। संगठन युवा विंग अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल साहू ने बताया कि यह संगठन का 474वां शिविर है। उन्होंने बताया कि शिविर में डॉ. अर्पणा, ज्योति सैनी, विपिन व नरेंद्र तंवर की टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर की अध्यक्षता डॉ. रोशनलाल ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि नारनौल एडीसी अनुराग ढालिया और विशिष्ट अतिथि के तौर पर कॉलेज प्राचार्य यशवीर सिंह ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानि किया और अंत में प्रशस्ति-पत्र वितरि किए गए। इस मौके पर प्रोफेसर सुरेंद्र सि प्रोफेसर गरिमा श्योराण, हेमलता बंसल डॉ. सुरेश आदि मौजूद रहे।

Phone: 01250-297176
Email: jvmgrrcollege@rediffmail.com
Website: jvmgrr.ac.in

**JANTA VIDYA MANDIR GANPAT RAI RASIWASIA COLLEGE**

(Affiliated to Ch.Bansi Lal University, Bhiwani)
(NAAC Accredited B Grade with 2.78 CGPA)
Ram Krishan Gupta Marg, CHARKHI DADRI (Haryana)

# राष्ट्रीय युवा नीति के निर्माण के लिए करेंगे सर्वे



जनता कालेज में प्रशिक्षण शिविर के दौरान जानकारी देती डा. सजनी देवी। ● विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, चरखी दादरी :** सोमवार को दादरी नगर के जनता पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के नई दिल्ली क्षेत्रीय निदेशक के निर्देशानुसार औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं के सर्वेक्षण के संदर्भ में प्राचार्य डा. यशवीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डा. रोशन लाल की उपस्थिति में राजकीय महाविद्यालय दुजाना से डा. सजनी देवी ने बतौर मास्टर ट्रेनर शिरकत की। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इस सर्वे में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के वे व्यक्ति जो ना तो औपचारिक शिक्षा में है और ना ही नियमित रोजगार में है उनके आंकड़े विस्तार से सरकार तक पहुंचाएं जाएंगे। सजनी देवी ने सभी कार्यक्रम अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए कि किस प्रकार से स्वयंसेवकों के माध्यम से प्रत्येक यूनिट द्वारा गोद लिए गए गांव के आंकड़े एकत्रित करने हैं और उनको कंपाइल करके मास्टर ट्रेनर के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा। इस अवसर पर इस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. गरिमा श्योराण, सुदेश पूनिया, वंदना बेनीवाल, यशवंती, जितेंद्र, राजेश कुमार, जिला संयोजक विरेंद्र सिंह, भुवनेश गौड़, रमेश कुमार, डा. आशीष, डा. सुरेश, सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह भी मौजूद रहे।

# 100 मीटर दौड़ में लड़कियों में किरण तो लड़कों में मनोज दौड़ा सबसे तेज

## एनएसएस शिविर के तहत बालानाथ योगाश्रम में आयोजित हुई खेल स्पर्धा

संवाद न्यूज एजेंसी



आदमपुर में चल रहे शिविर में विजेताओं को सम्मानित करते आचार्य देवी व अन्य। विज्ञप्ति

झोझूकलां। श्रीबालानाथ योगाश्रम आदमपुर दाढ़ी में आयोजित जनता महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के तहत रविवार को विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। इस दौरान आयोजित खेल स्पर्धाओं में स्वयंसेवकों ने अपनी प्रतिभा और दमखम दिखाया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में किरण और लड़कों के वर्ग में मनोज ने बाजी मारी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनलाल व सुरेंद्र सिंह ने बताया कि शिविर में हवन किया गया। शैक्षणिक सत्र में डॉ. रविंद्र सांगवान ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया।

इसके बाद खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। लड़कों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मनोज प्रथम, रोहित द्वितीय व आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में वासुदेव प्रथम, आशीष द्वितीय व रवि यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में मनोज प्रथम, आशीष द्वितीय, रवि व वासुदेव ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में किरण प्रथम, नरगिस द्वितीय व आशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के पूर्व स्वयंसेवक गौतम शर्मा ने विजेताओं को मेडल व नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। समारोह में आचार्य देवी सिंह, नीरज कुमार, नवरंग कुमार, रितिक शर्मा का सहयोग रहा। शाम के सत्र में रविंद्र कुमार ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। शिविर में स्वयंसेवक नीरज, रविकांत, पंकज, रितिक, राहुल, उज्ज्वल, हिमांशु, पुनीत, अक्षय, अंकुश, साहिल, रोहित, निकिता किरण, मोनिका आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## विद्यार्थियों ने वार्षिक उत्सव में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

बौंदकलां। सांवड़ स्थित सागर ग्लोबल स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि आईआरएस पुष्पेंद्र सिंह ने शिरकत की। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समाज में बेटियों व महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को दर्शाते हुए लोगों को महिलाओं को उचित सम्मान देने का संदेश दिया। इस मौके पर सोमबीर, निदेशक जोगेंद्र, सचिव संजीव आदि मौजूद रहे। संवाद

## स्पार्टन क्रिकेट क्लब ने जीता पोरटा कप-टू टूर्नामेंट

संवाद न्यूज एजेंसी



स्पार्टन क्रिकेट क्लब टीम ट्रॉफी के साथ। संवाद

चरखी दादरी। पोरटा कप टू का फाइनल मुकाबला स्पार्टन क्रिकेट क्लब के नाम रहा। स्पार्टन क्रिकेट क्लब ने जय बाबा 11 टीम को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल की। विजेता और उपविजेता टीम को समाजसेवी रवि गर्ग ने 11 हजार और 7100 रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया।

टूर्नामेंट के संयोजक एडवोकेट विकास चाहर और सुखबीर फौगाट ने बताया कि रविवार को स्टार क्रिकेट एकेडमी पोरटा ग्राउंड पर स्पार्टन क्रिकेट क्लब और जय बाबा- 11 टीम के बीच पोरटा कप टू का फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें स्पार्टन क्रिकेट क्लब की टीम विजयी रही। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए जय बाबा 11 टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन बनाए। टीम की ओर से सुमित फौगाट ने 40, गजेंद्र सोडा ने 26, रोहित कादियान ने 19 व देव शर्मा ने 17 रन बनाए।

गेंदबाजी में स्पार्टन क्रिकेट क्लब की ओर से दीपक व शशीकांत ने दो-दो, नवीन श्योराण, विनीत धनखड़, मनीष तंवर और कप्तान सुनील गुलिया ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पार्टन क्रिकेट क्लब की टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट पर 163 रन बनाकर टूर्नामेंट अपने नाम किया। टीम की ओर से अजय ने 59, शशीकांत ने 46 और विकास जाखड़ ने 33 रन बनाए। गेंदबाजी में जय बाबा की ओर से शिवांग ने दो और दिनेश वर्मा व सूरज साहुवास ने एक-एक विकेट लिए। दिनेश वर्मा मैन ऑफ द सीरीज और शशीकांत मैन ऑफ द मैच रहे।